# इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय

## जिलाः खैरागढ़–छुईखदान–गण्डई, (छ.ग.) पिन कोड 491881

## निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक : CC / 2023 / 12 / 02 : दिनांक 06/ 12/ 2023

विषयः– कम्प्यूटर हार्डवेयर का व्यापक वार्षिक रख–रखाव के अनुबंध (ए.एम.सी.) के संबंध में।

इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर सिस्टम (नेटवर्किंग सहित हार्डवेयर एवं बाह्य उपकरणों) और ऑपरेटिंग सिस्टम सहित सॉफ्टवेयर जिसकी सूची परिशिष्ट– III में दी गई है, के वार्षिक रख–रखाव हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है।

निविदा भरे जाने की प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी :–

1. निविदाकर्ता कम्पनी/फर्म/एजेंसी की वित्तीय स्थिति मजबूत होनी चाहिए फर्म का तीन वर्ष का टर्न ओवर 2 करोड़ होना चाहिए एवं सरकारी/अर्धसरकारी कार्यालयों में कार्य का कम से कम तीन वर्षो का आवश्यक अनुभव होना चाहिए। (आवश्यक दस्तावेज संलग्न करे।)
2. निविदाकर्ता के पास इंजिनियर/कर्मचारी का पूर्ण सेटअप होना चाहिए।
3. निविदाकर्ता के पास वैध पैन एवं जीएसटी रजिस्ट्रेशन होना आवश्यक है।
4. सुरक्षा निधि (EMD):–

1. निविदाकर्ता को सुरक्षा निधि के रूप में 10000.00 (दस हजार रूपये) का डिमांड ड्राफ्ट प्रस्तुत करना होगा जो कि कुलसचिव इदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के नाम से देय होगा।

2. सुरक्षा निधि के बिना किसी भी निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा।

3. असफल निविदाकारों की सुरक्षा निधि निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांकत यथाशीघ्र वापस कर दी जाएगी।

### निविदा दस्तावेज जमा करने की प्रक्रिया

निविदाकर्ताओं को निविदा दस्तावेज तैयार करते एवं जमा करते समय निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना होगा ऐसा नहीं करने की स्थिति में निविदा रद्द कर दी जाएगी।

- लिफाफा I निविदाकार को तकनीकी बिड के रूप में परिशिष्ट– I के अनुसार जानकारी प्रस्तुत करनी होगी एवं संबंधित दस्तावेज संलग्न करना होगा।
- लिफाफा II निविदाकार को कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं पेरिफेरल्स के ए.एम.सी. के लिए संलग्न फार्मेट में एक मुश्त दर (रेट) प्रस्तुत करना होगा। जिसमें समस्त टैक्स शामिल हों।
- उक्त दोनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में सील बंद कर तैयार किया जाना होगा एवं लिफाफे के उपर "कम्प्यूटर एवं हार्डवेयर के रख–रखाव हेतु निविदा" लिखा जाना होगा एवं इसे निम्नलिखित पते पर रजिस्टर्ड डाक अथवा स्वयं उपस्थित होकर जमा किया जा सकेगा।

प्रति,

कुलसचिव,
इंदिरा कला संगीत विश्वविघालय, खैरागढ़,
जिला–खैरागढ़–छुईखदान–गण्डई
पिन कोड–491881

5. उपरोक्त निविदा लिफाफा विश्वविद्यालय को दिनांक 21.12.2023 अपरान्ह 2:00 बजे तक प्राप्त हो जाना चाहिए। इसी दिन अपरान्ह 3:00 बजे निविदा खोली जाएगी। यदि फर्म का कोई प्रतिनिधि उपस्थित होना चाहता है तो फर्म का अधिकार पत्र साथ में लाना आवश्यक होगा। वित्तीय बिड में वित्तीय दर में समस्त टैक्स को शामिल कर वित्तीय दर प्रस्तुत किया जाना होगा। एक बार दर प्रस्तुत किये जाने के उपरांत उसमें वृद्धि के संबंध में किसी भी प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा।

## नियम एवं शर्ते

6. अनुबंध कार्यादेश जारी होने के दिनांक से एक वर्ष के लिए प्रभावशील होंगे। बशर्ते इनका प्रदर्शन लगातार संतोषजनक रहें। अनुबंध के उल्लंघन के मामले में या न्यूनतम आवश्यकताओं/वैधानिक आवश्यकताओं को पूरा नहीं करने की स्थिति में विश्वविद्यालय के पास फर्म द्वारा जमा की गई प्रदर्शन सुरक्षा निधि (परफार्मेंश गारन्टी) को जब्त करने और काली सूची में डालने आदि के लिए प्रशासनिक कार्यवाही शुरू करने के अलावा अनुबंध को तुरंत समाप्त करने का अधिकार होगा, जो केवल विश्वविद्यालय के सक्षम प्राधिकारी के विवेक पर निर्भर करेगा।
7. रख–रखाव पर होने वाले व्यय की राशि अंकित करने के पूर्व सामग्री एवं उपकरण का अनिवार्य रूप से संबंधित फर्म/कंपनी द्वारा अवलोकन कर लिया जाए।
8. सामग्री एवं उपकरण के रख–रखाव एवं मरम्मत कार्य हेतु पाट्र्स बदलने पर होने वाले सभी व्यय अनुबंधकर्ता फर्म को वहन करना होगा।
9. निविदा स्वीकृत होने के बाद अनुबंधकर्ता फर्म को सामग्री उपकरण के संबंध में जानकारी रखने वाले स्वयं के इंजिनियर/टेक्निशियन स्टाफ को प्रतिदिन विश्वविद्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य होगा ताकि किसी भी उपकरण में खराबी होने पर तुरंत सुधार कार्य किया जा सके तथा कार्य में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हों, निविदाकर्ता फर्म के स्टाफ पर होने वाले व्यय को संबंधित फर्म को वहन करना होगा।
10. प्रत्येक प्रिंटर में वर्ष में दो बार नया टोनर काटरेज आदि लगाना तथा प्रत्येक सर्वर लैपटॉप एवं कम्प्यूटर आदि में Quick heal total security antivirus वर्ष में एक बार अनिवार्य रूप से डालना होगा जिसका व्यय संबंधित फर्म को वहन करना होगा।
11. अनुबंधकर्ता फर्म को समस्त उपकरणों से संबंधित कामकाज एवं संधारण कार्य का रजिस्टर रखना होगा एवं कार्य प्रारंभ एवं पूर्णता की तारीख एवं समय का रिकार्ड उक्त रजिस्टर में रखना होगा।

12. उपकरणों के प्रतिस्थापन, संधारण एवं सेवा संबंधित कार्य को 48 घंटो के भीतर सम्पन्न किया जाना होगा। उक्त अवधि में सेवा प्रदान नहीं करने की स्थिति में प्रतिदिन 200 रूपये से लेकर 500 रूपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा।
13. सर्वर/लेन एवं नेटवर्किंग संबंधी जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं के संबंध में अनुबंधकर्ता फर्म को विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर केन्द्र द्वारा जानकारी दिए जाने पर तुरन्त समाधान किया जाना होगा।
14. निविदाकर्ता को समस्त निर्देश ध्यानपूर्वक पढ़ा जाना चाहिए एवं उनके अनूकुल ही समस्त जानकारी विश्वविद्यालय को दी जानी चाहिए। किसी भी स्थिति में निविदाकार की सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
15. ए.एम.सी. शुल्क का भुगतान विश्वविद्यालय द्वारा प्रत्येक तिमाही कें अंत में किया जाएगा एवं भुगतान राशि पर नियमानुसार वैधानिक कटौतियां (टी.डी.एस.) की जाएगी।

**16. निविदा मूल्यांकन प्रक्रिया :–**

1. प्रस्तुत निविदा विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। न्यूनतम अंकित दर को स्वीकार करने या अस्वीकार करने या बिना कोई कारण बताए किसी भी निविदा या सभी निविदा को सरसरी तौर पर विश्वविद्यालय अस्वीकार कर सकता है।
2. विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति का निर्णय अंतिम होगा।
3. निविदा की प्रथम न्यूनतम दर स्वीकृत होने पर यदि फर्म कार्य करने में असमर्थ रहता है तो संबंधित फर्म की सुरक्षा निधि राजसात की जाएगी एवं द्वितीय न्यूनतम दर वाले फर्म को प्रथम न्यूनतम स्वीकृत दर पर कार्यादेश जारी किया जाएगा।
4. निविदा में सफल होने वाले फर्म को कम्प्यूटर सिस्टम (नेटवर्किंग सहित हार्डवेयर एवं बाह्य उपकरणों) और ऑपरेटिंग सिस्टम सहित सॉफ्टवेयर के वार्षिक रख–रखाव के लिए अनुबंध (एग्रीमेन्ट) निष्पादित करना होगा, यह निविदा दस्तावेज अनुबंध का हिस्सा होगा।
5. अनुबंधकर्ता विश्वविद्यालय की बिना पूर्व अनुमति के वार्षिक रख–रखाव का कार्य किसी अन्य को सबलेट नही करेगा।
6. केवल उन्ही निविदाकर्ताओं की वित्तीय बिड को खोला जाएगा जो तकनीकी बिड की समस्त अहर्ताओं को पूरा करते हों।

**17. प्रदर्शन सुरक्षा निधि (Performance security) :–**

1. सफल निविदाकर्ता को कुल ए.एम.सी. मूल्य के तीन प्रतिशत के बराबर प्रदर्शन सुरक्षा निधि (**Performance security**) डिमांड ड्राफ्ट/एफडीआर के रूप में जमा करनी होगी।
2. सफल निविदाकार को अनुबंध के पूर्व प्रदर्शन सुरक्षा निधि (**Performance security**) जमा करना अनिवार्य होगा।
3. अनुबंध की शर्तों के अनुसार अनुबंधकार के कार्यकाल पूर्ण होने के उपरांत प्रदर्शन सुरक्षा निधि वापस कर दी जाएगी।

18. समाप्ति :–

1. यदि दूसरा पक्ष इस अनुबंध के तहत अपने दायित्वों का भौतिक उल्लंघन कर रहा है और, ऐसे उल्लंघनों के मामले में जिन्हें सुधारा जा सकता है, ऐसे उल्लंघन की सूचना प्राप्त होने के तीस दिनों के भीतर उस उल्लंघन का समाधान करने में विफल रहता है, तो इस अनुबंध को किसी भी पक्ष द्वारा दूसरे को न्यूनतम एक महीने की अवधि के लिए लिखित नोटिस देकर तुरंत समाप्त किया जा सकता है।
2. विश्वविद्यालय के सक्षम प्राधिकारी को बिना कोई कारण बताए अनुबंध रद्द करने का अधिकार होगा, और विश्वविद्यालय द्वारा कुछ भी भुगतान नहीं किया जाएगा और उस स्थिति में जमा प्रदर्शन सुरक्षा निधि (**Performance security**) जब्त कर लिया जाएगा और ऐसी स्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा ब्लैकलिस्ट किया जा सकता है।

19. ए.एम.सी. अनुबंध की अवधि के अंत में अनुबंधकर्ता द्वारा प्रमाणित किया जाएगा कि कम्प्यूटर सिस्टम/इलेक्ट्रानिक उपकरण संतोषजनक कार्यशील स्थिति में है और कोई खराबी की शिकायत लंबित नही है।

संलग्न – परिशिष्ट–I,II,III

कुलसचिव
Registrar
Indira Kala Sangit Vishwa Vidyalaya
KHAIRAGARH (C.G.)

# बोली दस्तावेज की जानकारी

## महत्वपूर्ण तिथियाँ

| क्र. | विवरण | तारीख | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा के प्रकाशन की तिथि | 04.12.2023 | – |
| 2. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 21.12.2023 | 2:00 बजे (अपराहन) |
| 3. | निविदा खुलने की तिथि | 21.12..2023 | 3:00 बजे (अपराहन) |

| | |
|---|---|
| टेंडर नं. | CC / 2023 / 12 /     दिनांक   /   / 2023 |
| अनुबंध अवधि | कार्यादेश / अनुबंध की तारीख से एक वर्ष के लिये प्रभावशील होगा। |
| ईएमडी | रू. 10000.00 (दस हजार मात्र) कुलसचिव इं.क.स.वि.वि. के पक्ष में देय |
| निविदा दस्तावेज के पृष्ठों की कुल संख्या | 11 |
| निविदा दस्तावेज का मूल्य | रू. 1000.00 (एक हजार मात्र) |
| निविदा जमा करने का स्थान | कार्यालय कुलसचिव इं.क.स.वि.वि. खैरागढ़ |

(कुलसचिव)
इं.क.स.वि.वि.
खैरागढ़

Registrar
Indira Kala Sangit Vishwa Vidyalaya
KHAIRAGARH (C.G.)

# परिशिष्ट–I

## तकनीकी निविदा प्रपत्र

1. फर्म का नाम................................................................
2. फर्म का पता................................................................
3. दूरभाष नं. एसटीडी कोड के साथ (ऑफिस)........................(फैक्स).........................(निवास)..........
4. निविदा जमा करने वाले व्यक्ति का मोबाईल नंबर...................................
5. निविदा जमा करने वाले व्यक्ति का ई–मेल.................................................
6. निविदाकार का बैंक, उसका पता और चालू खाता संख्या....................................................
7. स्थाई आयकर संख्या, (PAN) ..................................................................
8. जीएसटी नंबर............................................................
9. ईएमडी का विवरण
   I. डिमांड ड्राफ्ट संख्या..................................................
   II. तारीख..................................................
   III. बैंक का नाम................................................
   IV. बैंक का पता.................................................................
   V. डीडी की वैधता.........................................................
10. संलग्न किए गए दस्तावेजों का विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा दस्तावेज शुल्क | हां नही |
| 2. | बयाना राशि (Earnest Money) | हां नही |
| 3. | पैन की प्रतिलिपि | हां नही |
| 4. | जीएसटी की प्रति | हां नही |
| 5. | पिछले तीन वर्षो की बैलेस शीट की प्रतियां | हां नही |
| 6. | पिछले तीन वर्षो के आईटीआर की प्रतियां | हां नही |
| 7. | अनुभव प्रमाण पत्र और कार्य आदेश | हां नही |
| 8. | परिशिष्ट–I तकनीकी निविदा प्रपत्र | हां नही |
| 9. | परिशिष्ट–II वित्तीय निविदा प्रपत्र | हां नही |
| 10. | | |
| 11. | | |

(कुलसचिव)
Registrar
Indira Kala Sangit Vishwa Vidyalaya
KHAIRAGARH (C.G.)

हस्ताक्षर एवं सील
निविदाकर्ता

## परिशिष्ट– II

## वित्तीय निविदा प्रपत्र

| स.क्र. | विवरण | वार्षिक रख–रखाव मूल्य (दर) (समस्त करों सहित) | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1 | इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर सिस्टम (नेटवर्किंग सहित हार्डवेयर एवं बाह्य उपकरणों) और ऑपरेटिंग सिस्टम सहित सॉफ्टवेयर के वार्षिक रख–रखाव कार्य | अंको में ............................................<br>शब्दों में............................................<br>............................................ | |

कुलसचिव
*Registrar*
*Indira Kala Sangit Vishwa Vidyalaya*
*KHAIRAGARH (C.G.)*

हस्ताक्षर एवं सील
निविदाकर्ता

परिशिष्ट- III

# कम्प्यूटर एवं उससे संबंधित उपकरणों के वार्षिक रखरखाव हेतु सामाग्रीयों की सूची

| S No | Name of Items | Description / Configuration | Make , Model & OS Details | Quantity |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Servers | HP Server | HP PROLIANT DL380e | 1 |
| 2 | | Xeon Dual | HP ProLiant ML 350 | 1 |
| 3 | | Xeon Quad | HP ProLiant ML 570 | 1 |
| 4 | | Xeon -Intel ® Xeon ® CPU, 1.87 GHz, 1GB RAM | MS Windows Server 2003 | 1 |
| 5 | Desktops | Core I5,3.20 GHz, 4GB RAM, 320 GB HDD, 18.5"LED, DVD R/W | HP Compaq 8100 | 28 |
| 6 | | Core I7,3.40 GHz, 2GB RAM, 500GB HDD,18.5"LED, DVD R/W | HP Compaq 8300 | 17 |
| 7 | | HP Compaq Elite Small Form Factor-I7 | HP Compaq 8300 | 02 |
| 8 | | HP- Elite Desk Intel core –I7, 4770 @ 3.40GHz, 4GB RAM, 500 GB HDD | HP- Elite Desk | 01 |
| 9 | | Intel core –I7,4770 CPU 3.40GHz, 8GB RAM, 1 TB HDD | HP Pro Desk | 10 |
| 10 | | Core I5, 1.90 GHz, 4 GB RAM, 1TB HDD, 18.5"LED, DVD R/W | HP 4460 T | 04 |
| 11 | | Intel Core I5, 3.20 GHz, 4 GB RAM, 320GB HDD, 18.5"LED, DVD R/W | HCL | 03 |
| 12 | | HP Pro GIMT8CG923022k-I5 | HP | 01 |
| 13 | | Lenovo Desktop- I5 | Lenovo | 01 |
| 14 | | HP Desktop Processor 6th Gen. Intel Core I3 06100U(3 Cache, 2.30GHz) | HP | 22 |
| 15 | | AIO Desktop I5 INSPIRON AIO 3459 | Dell | 02 |
| 16 | | AIO Desktop I3 INSPIRON AIO 3459 | Dell | 05 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 17 | | HP Desktop I5 | HP 280 G6 MT | 32 |
| 18 | | HP Desktop I7 | HP 280 G6 MT | 21 |
| 19 | | Multimedia Workstation K620 with 2GB | HP Z1 Tower G6 | 01 |
| 20 | | Dell Workstation | Dell | 01 |
| 21 | | Apple MAC 36B RAM | Apple | 01 |
| 22 | Laptops | Core I7,2.70 GHz, 2GB RAM, 500GB HDD,14.1 wide slim, DVD R/W | HP Probook 4431s | 05 |
| 23 | | HP Core I5 | HP Laptop 8510P | 02 |
| 24 | | HP Compaq 2530P I5 | HP Notebook | 02 |
| 25 | | Dell INSPIRON I5, | Dell | 01 |
| 26 | | Dell- I5 | Dell | 01 |
| 27 | | AIO Laptop- I5 INSPIRON 7359 new 2 in 1 | Dell | 02 |
| 28 | | Acer Dual Core I3 | Acer | 34 |
| 29 | Interactive Flat Board | Interactive Flat Board | IFP86503 View Sonic | 01 |
| 30 | Printer | Multifunction Printer | HP / Samsung all in one | 15 |
| 31 | | Laser Printer (1006+1018+1020) Inkjet Printer | HP / Samsung / Epson | 34 |
| 32 | | ID Card Printer | DTC1500 | 01 |
| 33 | Photo Copier | MFP(Photo Copier) | Richo / Canon / Sharp / Konika Minolta | 17 |
| 34 | Document Visual Presenter | Document Visualized | VDV5121 Vectra | 18 |
| 35 | Scanner | Scan Jet (Flat Bed) | HP / Samsung / Canon | 08 |
| 36 | | A3 Size Document Compatibility Scanner | Epson | 01 |
| 37 | | Fijjitsu SV 600 | Fijjitsu | 01 |
| 38 | | TVSE Bar Code Scanner Basic | TVS | 04 |
| 39 | | A3 size document compatibility scanner | EPSON | 01 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | AS32000 | |
| 40 | Projector | Epson 1880 EPIL | EPSON | 05 |
| 41 | | Sony 3 LCD | Sony | 01 |
| 42 | | Sony VPL CX 235 | Sony | 02 |
| 43 | | Epson – EB-S9 | EPSON | 02 |
| 44 | | Epson – EB-536 Wi | EPSON | 02 |
| 45 | | BENQ-SH-910 | HP | 01 |
| 46 | | Globus | Globus | 01 |
| 47 | | Ultra Short Throw Interactive/Multimedia Projector | View Sonic LS8600WU | 07 |
| 48 | | Standard Throw Interactive/Multimedia Projector | LS600W | 05 |
| 49 | | Ultra Short Throw Multimedia Projector | LS860WV | 01 |
| 50 | Sound Recorder | TASCAM | TASCAM | 01 |
| 51 | Camera | Camera-Sony | Sony | 01 |
| 52 | Podium | Digital Podium | | 01 |
| 53 | | Electronic Podium | BR131TB10W | 02 |
| 54 | AO Pen Tablet | AO Pen Tablet | | 04 |
| 55 | Document Camera | Document Camera | | 03 |
| 56 | Video Conferencing | Video Conferencing Camera & Its Accessories | Polycom HDX 7000 | 02 |
| 57 | | LED | LG(42") | 04 |
| 58 | UPS | 1KVA | APC (12V) | 35 |
| 59 | | 1100VA | APC | 04 |
| 60 | | 600VA | APC | 10 |
| 61 | | 1.5KVA | APC | 04 |
| 62 | | 1KVA | BPE | 02 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 63 | | 1KVA | Zebranics | 02 |
| 64 | | On Line10 KVA | Numeric | 02 |
| 65 | | Online UPS System 1KVA | Uniline | 08 |
| 66 | | Online UPS System 10KVA | Uniline Max Power | 01 |
| 67 | | Online UPS System 03KVA | Uniline Max Power | 01 |
| 68 | External HDD | External Hard Disk Drive | Toshiba 4TB | 10 |
| 69 | Switches | 24 Port ( Manageable/ Unmanageable / PoE) | DIGISOL / NETGEAR / CISCO | 14 |
| 70 | | 16 Port | NETGEAR / DIGISOL | 04 |
| 71 | | 08 Port | DIGISOL / D-Link / CISCO | 48 |
| 72 | Wi-Fi | Access Point (Indoor / Outdoor) | DIGISOL / NETGEAR | 06 |
| 73 | | CISCO WLC (Wireless LAN Controller) | CISCO | 01 |
| 74 | Media Convertor | Media Convertor | TP- LINK, ZyXEL, NA-MC | 10 |

(कुलसचिव)
Registrar
Indira Kala Sangit Vishwa Vidyalaya
KHAIRAGARH (C.G.)